**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1601**
**उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2019**

बीएसएनएल और एमटीएनएल द्वारा 4जी सेवाएं

1601. श्रीमती केशरी देवी पटेलः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार बीएसएनएल और एमटीएनएल में 4जी सेवाएं प्रारंभ करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बीएसएनएल और एमटीएनएल में 4जी सेवाएं प्रारंभ करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ने निजी क्षेत्र दूरसंचार कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी क्षेत्र दूरसंचार कंपनियों के विरुद्ध भेदभाव किया है?

**उत्तर**

**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) से (घ) जबकि बीएसएनएल ने अपने मौजूदा स्पेक्ट्रम को उपयोग करके कुछ स्थानों पर सीमित स्तर पर अपने नेटवर्क में 4जी सेवाओं की शुरूआत की है तथापि मंत्रिमंडल ने दिनांक 23.10.2019 को आयोजित की गई अपनी बैठक में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की पुनरूद्धार योजना का अनुमोदन किया है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सरकार द्वारा पूंजी सहायता प्रदान करके बीएसएनएल और एमटीएनएल को 4जी सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रशासनिक रूप से स्पेक्ट्रम का आबंटन करना शामिल है। बीएसएनएल और एमटीएनएल को सहायता प्रदान करने हेतु, बीएसएनएल और एमटीएनएल की पुनरूद्धार योजना में इनके 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृति स्कीम (वीआरएस) का प्रस्ताव करके स्टाफ लागत को कम करने, बीएसएनएल और एमटीएनएल की परिसम्पत्तियों का मुद्रीकरण करने, सरकारी गांरटी बॉण्डो से ऋण को पुनः निर्धारित करने और सिद्धातं रूप से बीएसएनएल और एमटीएनएल का विलय करने जैसे उपाय शामिल है।

******

जारी.......2...



(ख) और (ग)

।

(घ) है।

(ड़) है।

******